अत: स्पष्ट है कि मंत्रिपरिषद की सदस्ता के निमित्त अभ्यर्थी की भली भांति परीक्षा होनी चाहिये, इस सिद्धांत का प्रतिपादन प्राचीन ग्रन्थों में किया गया है। मंत्रियों की योग्यता के निर्धारण के विषय में कौटिल्य की सूची विशेष उल्लेखनी है जो इस प्रकार है– मंत्री देशवासी, उच्च कुलोत्पन्न, प्रभवशाली,कला निपुण, दूरदर्शी, समझदार, अच्छी स्मृति वाला, सतत् जागरूक, मेघावी, निर्भीक, वाग्मी चतुर, तीब्रमति, उत्साही, मनस्वी, धीर, शुद्ध चरित्र, मृदु स्नेही, अटल स्वामिभक्त, बलपराक्रम और स्वास्थ से युक्त होना चाहिये एवं अस्थिर चित्तता और दीर्घ सुत्रता से मुक्त और द्वेष तथा उत्पादक दुर्गुणों से रहित होना चाहिये।[19] अवश्य ही इन सदगुणों का एक व्यक्ति में उपस्थित होना असम्भव प्राय है। फिर भी इनकी गिनती कराने का तात्पर्य यही था कि मंत्री का चुनाव करते समय उपर्युक्त आदर्श ध्यान में रखा जाय।

निष्कर्ष वर्तमान परिप्रेक्ष्य में – उपर्युक्त वर्णित तथ्यों से सहज है कि राज्य में शासनाध्यक्ष का महत्व सर्वोपरि है। इसीलिये भारत में शासनाध्यक्ष अर्थात राजा को विशिष्ठ गुण सम्पन्न माना गया है। उनो गुणों की तुलना देवत्व से की गई है। अपनी असाधारण योग्यता, त्याग और प्रजापातकता के कारण ही उसे दैवीय गुणों से युक्त माना गया है। वह वंशानुगत उसी देश का निवासी होना चाहिये उसे हर प्रकार के व्यसन से दूर रहने की सलाह दी गई है, उसकी सार्वभौमिक शिक्षा एवं अतिव्यस्त दिनचर्या का भी विस्तृत किया गया है। ताकि उसमें आलस्य तथा प्रमाद का अंकुर तक उत्पन्न न हो सके। आजकल के शासकों के लिये भी ये बाते उतनी ही आवश्यक तथा लाभप्रद है। शासनाध्यक्ष तभी लोभ प्रिय और निर्विवाद हो सकता है,जब वह काम, क्रोध, मद लोभ इत्यादि दुर्गुणों से उपर उठ जाये। अच्छे शासन का अनुकरण जनता भी करती है। इसीलिये कहा गया है– 'यक्षा राजा तथा प्रजा' वर्तमान

शासनाध्यक्षों की भांति जहां एक ओर राजा की शक्तियां व्यापक और विस्तृत है वही दूसरी ओर उस पर कई नियंत्रण और सीमायें भी लगाई गई है ताकि वह किसी भी सूरत में निरंकुश न हो सके। इस बात का सतत् ध्यान वर्तमान संविधान निर्माताओं एवं शासकों को अच्छी प्रकार रखना चाहिये। शासनाध्यक्ष की भांति उसके मंत्रियों की योग्यता आदि का भी सविस्तार उल्लेख प्राचीन भारत में पाया जाता है। मंत्रियों के लिये आवश्यक है कि वे मूलत: उसी देश के निवासी, पर्याप्त ज्ञानी, शूर, तीक्ष्ण बुद्धि वाले, अच्छे वक्ता, सचरित्र, इमानदार, शुद्ध रक्त वाले, निष्पक्ष तथा सदाचारी हो। उनका रहन-सहन ऋषियों की तरह सीधा-साधा होना चाहिये, ये तथ्य वर्तमान शासन व्यवस्थाओं में पाये जाने वाले मंत्रियों के लिये भी उपयोगी तथा अनूकरणीय है। जिस दिन वर्तमान मत्रिगण उपर्युक्त गुणों तथा स्वभाव को प्राप्त कर लेगे वे जनता के नायक हो जायेंगे। इस प्रकार के शासनाध्यक्ष और मंत्रिगण आदर्श राज्य की स्थापना में सहायक सिद्ध होगे। मंत्रिपरिषद का होना इसलिये भी आवश्यक हो जाता है क्योकि संघ सरकार की नीतियों का निर्धारण मंत्रिपरिषद द्धारा ही किया जाता है। मंत्रिपरिषद के द्धारा ही पूरा प्रशासन संचालित किया जाता है। मंत्रिपरिषद के सदस्यों के द्धारा ही संसद में सरकारी विधेयकों का प्रस्तुतीकरण किया जाता है। मंत्रिपरिषद के द्धारा ही बजट तैयार किया जाता है। मंत्रिपरिषद के द्धारा ही विदेश नीति का निर्धारण किया जाता है। मंत्रिपरिषद द्धारा ही विभिन्न सरकारी विभागों के मध्य समन्वय का कार्य किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मनु0 7/55
2. शुक्र0 2/5
3. ममता पाइै काहि मद नाहि।। रामचरित मानस अयोध्या काण्ड
4. सहायसाध्यं राजत्वं चक्रमेकं न वर्तते कुर्वीत सचिवांस्तस्मात्तेषां च श्रणुयान्मतम् अर्थ0 1/7
5. मत्स्यपुराण 215/2-3
6. स प्राणविवाक: सामानयद सव्रामण पुरोहित:। ससम्य: प्रेक्षको राजा स्वर्गे तिष्ठित धर्मत:
7. शुक्र0 2/5
8. मनु0 7/54
9. मनु0 7/61
10. अर्थ0 1/85 वार्ता 56
11. शान्ति पर्व 85/7-8
12. रामायण बालकाण्ड 7/2-3
13. मौलान परम्परागता:। शान्ति पर्व 83/20
14. रामायण 2/100/26
15. रामायण किष्किंधाकाण्ड 38/20
16. मनु0 7/54 पुर्वाद्ध तृतीय शब्द
17. शान्ति पर्व 83/22
18. सर्वोपधाशुद्धान्मंत्रिण: कुर्यात। अर्थ0 1/10 वार्ता 24
19. अर्थ0 1/9

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण में संविधान की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन

विजय लक्ष्मी जोशी *

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – शोध सार :– प्रस्तुत शोध आलेख में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण को परिभाषित कर भारतीय संविधान की भारत में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण में भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। मनुस्मृति के अध्याय 3 में कहा गया है कि –

'यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते रमन्ते तत्र देवता:।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्त्राफला: क्रिया:।।'

अर्थात् जहॉ स्त्रियों की पूजा होती है वहॉ देवता निवास करते है और जहॉ स्त्रियों की पूजा नहीं होती, उनका सम्मान नहीं होता है वहॉ किए गए समस्त कार्य निष्फल हो जाते है। हजारों वर्ष पूर्व वैदिक काल में महिलाओं को कई अधिकार प्राप्त थे, वे वेदों का पठन–पाठन करती थी। वेदों में 404 ऋषियों में 30 ऋषि महिलाए थी। वे युद्धकला तथा प्रशासनिक कार्यों में भी पारगंत थी, कोई भी धार्मिक कार्य उनके बिना पूर्ण नहीं होता था किन्तु फिर शनै: शनै: उनकी स्थिति बदत्तार होती गई उन्हें शिक्षा, सम्पति एवं समाज में पुरूषों के समान आधिकार से वंचित कर दिया गया, वे केवल उपभोग का एक साधन मात्र बनकर रह गई। संविधान के लागू होने के पूर्व भारतीय समाज में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण का अस्तित्व ना के बराबर था। संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा में कुल 15 महिला सदस्य थी, जिसमें दक्षिणायनी वेलायुधन, सरोजिनी नायडू, बेगम .कदारिया ऐजाज रसूल, दुर्गाबाई देशमुख, हंसा जीवराज मेहता, पूर्णिमा बेनर्जी, राजकुमारी अमृत कौर, विजय लक्ष्मी पंडित, सुचेता कृपलानी, कमला चौधरी आदि प्रमुख थी जो महिलाओं की तत्कालीन दयनीय स्थिति से अच्छी तरह परिचीत थी। इसके अतिरिक्त संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर भी लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के कट्टर समर्थक थे। अत: उन्होनें भारतीय संविधान में ऐसे उपबंधों को अंतर्विष्ट कराया जो महिला के प्रति लिंग के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त कर सके एवं उन्हें पुरूषों की अपेक्षा अतिरिक्त विशेषाधिकार देकर सशक्त कर सके। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15(1), 15(3), 16(1), 21, 21क, 23, 38(क), 38(घ), 38(ड़), 42, 44, 51क(ड़), 243घ(3), 243घ(4), 243न(3), 243न(4), 325 इसके जीवंत दृष्टांत है जिनका वर्णन प्रस्तुत शोध आलेख में किया गया है।

प्रस्तावना

लैंगिक समानता का अर्थ – विभिन्न अंतराष्ट्रीय संगठनों ने लैंगिक समानता को निम्न प्रकार परिभाषित किया हैं–

संयुक्त राष्ट्र महिला के अनुसार – लैंगिक समानता का अर्थ पुरूषों और महिलाओं, बालक और बालिकाओं को समान अधिकार, उत्तरदायित्व और अवसर प्राप्त होना हैं।

यूनिसेफ के अनुसार – लैंगिक समानता का अर्थ हैं कि महिलाओं और पुरूषों, लड़कों और लड़कियों को समान अधिकारों, स्वतंत्रताओं, संसाधनों, अवसरों और सुरक्षा का आनंद प्राप्त हो।

आसान शब्दों में लैंगिक समानता का अर्थ हैं अधिकार, उत्तरदायित्व, अवसर एवं स्वतंत्रता प्रदान करनें में महिला और पुरूषों के बीच लिंग के आधार पर कोई भेदभाव न हो। लैंगिक समानता प्रत्येक राष्ट्र एवं समाज के विकास के लिए आवश्यक है इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे सतत् विकास के 17 लक्ष्यों में से 5 वॉ लक्ष्य निर्धारित किया है।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ – सशक्तिकरण शब्द स+शक्ति+करण से मिलकर बना है जिसका अर्थ है शक्ति सहित गति। सशक्तिकरण एक निर्बल को सबल बनाने की प्रक्रिया है जो निरन्तर चलती रहती है एक पूर्ण सशक्त व्यक्ति वह है जो अपने जीवन से संबंधित निर्णय लेनें में पूरी तरह स्वतंत्र हो, जिस पर किसी प्रकार का कोई दवाब न हो। अत: महिला सशक्तिकरण का अर्थ यह हैं कि महिलाओं को इस योग्य बनाना कि वे अपने जीवन के सारे निर्णय स्वयं बिना किसी दवाब के ले सके, उनके अपने जीवन के सभी पहलुओं पर नियंत्रण हो। उन्हें इस योग्य बनाने के लिए निति निर्माण में उनकी बराबर की भागीदारी, राजनीति, व्यापार, समाज के साथ–साथ घर के प्रत्येक निर्णयों में उनकी पुरूषों के समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक हैं।

अत: महिला सशक्तिकरण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत स्तर पर सशक्त बनाने की प्रक्रिया हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन के सभी पहलुओं पर नियंत्रण प्रदान करना और उन्हें पुरूषों के समान अवसर प्रदान करना है। शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक सशक्तिकरण महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयाम हैं।

लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण में संविधान की भूमिका –

भारतीय संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार स्तंभ है यह हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं। 26 नवंबर 1949 को हमारी संविधान सभा ने इसे अंगीकृत किया था। लैंगिक समानता का सिद्धांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों और नीति निदेशक सिद्धांतों में प्रतिपादित है। संविधान न केवल महिलाओं को समानता का दर्जा प्रदान करता है बल्कि राज्य को महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक कदम उठाने का अधिकार भी देता है। समय-समय पर संविधान में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए संशोधन किए जाते रहे है चाहे वह 42वॉ संशोधन हो 73 एवं 74वॉ संशोधन हो या फिर संसद में महिला आरक्षण के लिए किया गया 123वॉ संशोधन हो। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारतीय संविधान ने भारत में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण में अनूठी भूमिका निभाई है भारतीय संविधान के निम्नलिखित उपबंध इसका जीवंत साक्ष्य हैं।

मूल अधिकार – संविधान के भाग 3 मूल अधिकार में।

अनुच्छेद 14 में सभी व्यक्तियों को जिसमें महिलाएँ भी शामिल हैं, विधि के समक्ष समता एवं विधियों के समान संरक्षण का अधिकार दिया गया है।

वाद- एयर इण्डिया विरूद्ध नरगिस मिर्जा

के वाद में उच्चतम न्यायालय ने एयर इण्डिया और इण्डियन एयर लांइस द्वारा बनाए गए विनियमों को इस आधार पर असंवैधानिक घोषित कर दिया कि उनके अधीन 35 वर्ष की आयु में विवाह होने पर या गर्भवती होने पर सेवामुक्ति करने वाली सेवा शर्त अयुक्तियुक्त और विभेदकारी हैं तथा अनुच्छेद 14 का अतिक्रमण करती है।

वाद- विजय लक्ष्मी विरूद्ध पंजाब विश्वविद्यालय

के मामले में विश्वविद्यालय कैलेण्डर के एक नियम के तहत महिला विद्यालयों में प्राचार्य के पद पर केवल महिलाओं की नियुक्ति के प्रावधान को चुनौती देने पर न्यायालय ने यह निर्णीत किया कि यह नियम अनुच्छेद 14 या अनुच्छेद 16 का उल्लंघन नहीं है क्योंकि इसके अधीन किया गया वर्गीकरण युक्तियुक्त है, इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 15(3) के अधीन राज्य को स्त्रियों के लिए विशेष उपबंध करने की शक्ति हैं।

वाद- अनुज गर्ग विरूद्ध भारत का होटल संघ

के वाद में पंजाब सरकार के एक अधिनियम की धारा 30 जिसके अधीन होटल या बार में शराब परोसने के कार्य में महिलाओं के नियोजन पर रोक लगा दी, को चुनौती देने पर न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि उक्त अधिनियम स्त्री और पुरूष में लिंग के आधार पर भेद करता है, अत: अवैध है।

1. **अनुच्छेद 15(1)** केवल लिंग के आधार पर विभेद का प्रतिषेध करता हैं।

2. **अनुच्छेद 15(3)** राज्य को स्त्रियों के लिए विशेष उपबंध करने की शक्ति प्रदान करता हैं।

वाद- दत्तात्रेय विरूद्ध स्टेट

के मामलें मे न्यायालय ने यह कहा कि राज्य द्वारा केवल स्त्रियों के लिए शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करना एवं उसमें उनके लिए स्थान आरक्षित करना अनुच्छेद 15(1) का अतिक्रमण नहीं है।

वाद- यूसुफ अब्दुल अजीज विरूद्ध बंबई राज्य

में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 497 की संवैधानिकता को इस आधार पर चुनौती देने पर कि यह जारकर्म के अपराध के लिए केवल पुरूष को दण्डित करती है स्त्री को नहीं, अत: लिंग के आधार पर विभेद करने के कारण यह अनुच्छेद 15(1) का अतिक्रमण करती है। न्यायालय ने निर्णीत किया कि धारा 497 वैध है क्योंकि वर्गीकरण केवल लिंग के आधार पर नहीं बल्कि समाज में स्त्रियों की विशेष स्थिति के आधार पर किया गया हैं।

वाद- टी. सुधाकर रेडडी विरूद्ध आ. प्र. राज्य

में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि अनुच्छेद 15(3), 16(2), 16(4) के अधीन सरकारी नौकरियों में स्त्रियों को यदि वे पुरूषों के समान योग्य एवं उनकी अपेक्षा अधिक उपयुक्त है तो राज्य को उन्हें प्राथमिकता देनें की शक्ति प्राप्त है।

3. **अनुच्छेद 16(2)** राज्य के अधीन किसी नियोजन या पद के संबंध में केवल लिंग के आधार पर विभेद या अपात्रता का निषेध करता है।

4. **अनुच्छेद 21** द्वारा प्रदत्त प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार बहुत व्यापक अधिकार है न्यायपालिका ने न्यायिक सक्रियता के माध्यम से इस अधिकार के अधीन निम्नलिखित अधिकारों को शामिल किया है-

- **एकांतता का अधिकार :-**

महाराष्ट्र राज्य विरूद्ध मधुकर नारायन

के मामलें में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि एक चरित्रहीन महिला को भी एकांतता का अधिकार प्राप्त हैं, उसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

सुरजित सिंह विरूद्ध जीत कौर

के मामले न्यायालय ने यह निर्णीत किया कि महिला के कौमार्य परीक्षण के लिए अनुमति देना अनुच्छेद 21 के अधीन प्रदत्त उसके एकांतता के अधिकार का उल्लंघन है।

व **अन्तर्जातीय विवाह करने का अधिकार :-**

लता सिंह विरूद्ध उत्तर प्रदेश राज्य

में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि एक वयस्क बालिका को अपनी स्वेच्छा से किसी भी व्यक्ति के साथ विवाह करने का अधिकार अनुच्छेद 21 के अधीन प्रदत्त उसकी वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार है।

- **बलात्कार से पीड़ित महिला का अंतरिम प्रतिकर पाने का अधिकार :-**

बोधीसत्व गौतम विरूद्ध शुभ्रा चक्रवर्ती एवं **दिल्ली डोमेस्टिक वर्किंग वुमन फोरम विरूद्ध भारत संघ** के मामलों में न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया हैं कि न्यायालय को बलात्कार की शिकार महिला को अंतरिम प्रतिकर देने की शक्ति है जब तक कि परीक्षण न्यायालय अभियुक्त के ऊपर लगाए आरोप पर अपना निर्णय नहीं दे देता है।

- **श्रमजीवी महिलाओं का यौन उत्पीड़न से संरक्षण का अधिकार :-**

वाद- विशाखा विरूद्ध राजस्थान राज्य

के वाद में उच्चतम न्यायालय ने श्रमजीवी महिलाओं के प्रति काम के स्थान पर होने वाले यौन उत्पींड़न को रोकने के लिए, जब तक इस हेतु कोई विधि नहीं बन जाती विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धांत विहित किए है। न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 21 के अधीन सुरक्षित काम का अधिकार भी शामिल है।

वाद- एपरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल विरूद्ध ए. के. चौपड़ा

के वाद में न्यायालय ने विशाखा के मामलें में विहित सिद्धांतों को लागू कर यौन शोषण के दोषी एक कंपनी के उच्च अधिकारी को सेवा से निकाल दिया। न्यायालय ने कहा कि कार्य के स्थान पर यौन शोषण महिला कर्मचारी

के अनुच्छेद 21 और 14 में प्रदत्त मूल अधिकारों का उल्लंघन है।

5. **अनुच्छेद 23** 'मानव के दुर्व्यापार' और बलातश्रम का प्रतिषेध करता है। मानव दुर्व्यापार के अंतर्गत केवल स्त्रियों का वस्तुओं की भाँति क्रय-विक्रय ही शामिल नहीं है बल्कि इसमें उनका अनैतिक व्यापार, वैश्यावृति, एवं इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन के लिए उनका प्रयोग करना भी आता है।

नीति निदेशक तत्व :- संविधान के भाग 4 राज्य के नीति निदेशक तत्व में-

1. **अनुच्छेद 39(क)** में राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि पुरूष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो।
2. **अनुच्छेद 39(घ)** में राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि पुरूषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो।
3. **अनुच्छेद 39(इ)** राज्य को यह निर्देश देता हैं कि वह यह सुनिश्चित करे कि स्त्री कर्मकारों के स्वास्थ्य एवं शक्ति का दुरूपयोग न हो।
4. **अनुच्छेद 42** राज्य को कार्य की न्यायसंगत एवं मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने एवं महिला कर्मचारियों हेतु प्रसूति सहायता का उपबंध करने का निर्देश देता है।
5. **अनुच्छेद 44** में राज्य को सभी नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया हैं। यह संहिता निजी मामलों जैसे- विवाह, उत्तराधिकार, तलाक, भरण-पोषण, दत्तक आदि में सभी धर्म की महिलाओं को समान अधिकार देकर उनके साथ लिंग के आधार पर हो रहे भेदभाव को समाप्त कर लैंगिक समानता का बढ़ावा देगी।

वाद- शाह बानो बेगम विरूद्ध मोहम्मद अहमद खान

के वाद में न्यायालय ने सर्वप्रथम एक समान सिविल संहिता को लागू करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अनुच्छेद 44 मात्र एक मृत अक्षर बनकर रह गया है। सरकार ने इसे लागू करने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया है।

मूल कर्तव्य :- भारतीय संविधान के भाग 4क 'मूल कर्तव्य' में अनुच्छेद 51क(इ) में सभी भारतीय नागरिको पर यह मूल कर्तव्य अधिरोपित किया गया है कि वह ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध हो।

73वॉ एवं 74वॉ संविधान संशोधन :- 73वॉ एवं 74वॉ संविधान संशोधन द्वारा संविधान में भाग 9 पंचायत एवं भाग 9क नगरपालिकाएँ जोड़ा गया। इसमें भाग 9 में अनुच्छेद 243घ(3) में ग्राम पंचायतों में कुल स्थानों का कम से कम एक तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित रखने का एवं अनुच्छेद 243घ(4) में ग्राम पंचायतों के अध्यक्ष का पद महिलाओं हेतु आरक्षित रखने का प्रावधान है। इसी प्रकार भाग 9क के अनुच्छेद 243न(3) में नगरपालिकाओं में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले कुल स्थानों में से कम से कम एक तिहाई स्थान महिलाओं हेतु आरक्षित रखने एवं अनुच्छेद 243न(4) में नगरपालिकाओं के अध्यक्ष के पद महिलाओं हेतु आरक्षित रखने का प्रावधान किया गया है।

अनुच्छेद 325 :- अनुच्छेद 325 में लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति के निर्वाचक नामावली में शामिल किए जाने हेतु अपात्र होने का निषेध किया गया हैं। इस अनुच्छेद द्वारा सभी वयस्क भारतीय नागरिकों को जिसमें महिलाएँ भी शामिल है, मतदान का अधिकार दिया गया हैं जबकि उस समय यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका जैसे विकसीत देश के संविधान द्वारा भी सभी को वोट देने का अधिकार नहीं दिया गया था तब उस समय हमारे संविधान ने महिलाओं को भी मत देने का अधिकार देकर महिला सशक्तिकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भारत में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति :- संविधान के लागू होने के पश्चात अभी तक लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण हेतु कई कानून जैसे- समान वेतन अधिनियम 1976, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम 2005, प्रसूति प्रसुविधा(संशोधन) अधिनियम 2017, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न(निवारण, प्रतिषेध, प्रतितोष) अधिनियम 2013, महिलाओं का अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 पारित किए जा चुके है। इसके अतिरिक्त महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाएँ जैसे- 1993 में सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने हेतु राष्ट्रीय महिला कोष की स्थापना, 2002 में जरूरतमंद महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु स्वाधार योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, वन स्टॉप सेंटर, लाड़ली लक्ष्मी योजना आदि चलाई जा रही हैं किन्तु फिर भी हम भारत में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य हासिल करने में विफल रहे हैं। संविधान के 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन द्वारा यद्यपि ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिकाओं में महिलाओं हेतु स्थान आरक्षित किए गए हैं किन्तु महिलाएँ चुनाव जीत जानें के बाद भी पंचायत में **'मुखिया पति', 'सरपंच पति'** एवं नगरपालिका में **'पार्षद पति'** की परंपरा के कारण महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सका है। चुनाव जीतने के बाद भी महिलाएँ राजनैतिक फैसले नहीं ले सकती है। वर्तमान समय में देश की लोकसभा में कुल 543 सांसदों में से केवल 78 महिला सांसद है, वही राज्यसभा में केवल 24 महिला सांसद है। कुल 28 राज्यों में केवल 1 महिला मुख्यमंत्री हैं। राष्ट्रपति के पद पर अभी तक केवल 2 बार ही महिलाएँ निर्वाचित हो पाई है। 2019 में संसद मे केवल 14% महिला सांसद थी। संसद में महिला आरक्षण विधेयक जो कि 1998 से लंबित था, पारित होने के बावजूद, महिलाओं के जीतने की दर पुरूषों से अधिक होने के बावजूद इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा ने केवल 16%, कांग्रेस ने 11%, टी.एम.सी. ने 28% टिकट महिलाओं को दिए केवल बीजद ने 33% टिकट महिलाओं को दिए। ऐसी परिस्थितियों में भारत में महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण मुश्किल हैं। न्यायपालिका में उच्च स्तर पर उच्च न्यायालयों एवं उच्चतम न्यायालय में महिला न्यायाधीशों की संख्या ना के बराबर है। केवल शिक्षा के क्षेत्र में महिला और पुरूषों के बीच असमानता कम हुई है। इसके अतिरिक्त महिला कार्यबल में भी कमी आई है इसका मुख्य कारण कार्यस्थल पर महिलाओं की बढ़ती असुरक्षा एवं पुरूषों की तुलना में कम वेतन है। फिल्म उद्योग में पुरूष कलाकारों को उनकी साथी महिला कलाकार की तुलना में काफी अधिक वेतन मिलता है, इसी तरह एक लंबे समय तक भारतीय पुरूष क्रिकेट खिलाड़ियों को BCCI द्वारा महिला खिलाड़ियों की तुलना में कई गुना अधिक फीस दी जाती थी 2022 में इस भेदभाव को समाप्त किया गया। World Inequality Report **2022** के अनुसार भारत में कुल श्रमिक आय में पुरूषों का हिस्सा 82% जबकि महिलाओं का हिस्सा केवल 18% है। **जेंडर गेप रिपोर्ट 2023** के अनुसार भारत लैंगिक समानता के मामलें में कुल 146 देशों में 127वें स्थान पर रहा।

निष्कर्ष - निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि यद्यपि भारतीय संविधान

ने भारत में महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है किन्तु फिर भी हम लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को अभी तक प्राप्त नहीं कर सके हैं। इस स्थिति में सुधार हेतु लैंगिक समानता से जुड़े कानूनों को कड़ाई से लागू करने, समाज की पितृसत्तात्मक सोच में बदलाव लाने की एवं आम बजट में 'जेंडर बजट' की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त हमें देश में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े डाटा एकत्र करने एवं उसके आधार पर राज्यों की रैंक जारी करने की आवश्यकता है, जिस तरह रवांडा मे जेंडर मॉनिटरिंग ऑफेस और फिनलैण्ड में जेंडर इक्विलिटी यूनिट स्थापित की गई है। यदि राज्य सरकारें ऐसी ही ईकाईयों की स्थापना करें तो महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। अत: वास्तव में देखा जाए तो हमें अब महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता को किताबों और सेमिनारों से बाहर निकालकर धरातल पर लाने की जरूरत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाण्डेय, डॉ. जय नारायण(2009) *'भारत का संविधान'* 42वॉ संस्करण। इलाहाबाद: सेंट्रल लॉ एजेंसी.
2. गौतम, श्रुति(2023) '*भारत में महिला सशक्तिकरण*' (ऑनलाइन)। यहॉ उपलब्ध हैं: https://www.drishtiias.com/hindi/blog/women-employment-in-india(एक्सेस: 15 अप्रैल 2024).
3. Drishti IAS(2022)'*भारत में महिलाओं की स्थिति*'(ऑनलाइन)। यहॉ उपलब्ध है: https://www.drishtiias.com/hindi/daily-news-editorials/status-of-women-in-india. (एक्सेस: 13 अप्रैल 2024).
4. NEXT IAS Content Team(2024) '*भारत में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता*' (ऑनलाइन)। यहॉ उपलब्ध हैं: https://www.nextias.com/blog.(एक्सेस: 13 अप्रैल 2024).
5. दक(2024) 'नारी शक्ति.... जीतने में पुरूषों से आगे, फिर भी बड़े दलों में उम्मीदवारी 16% ही.' *दैनिक भास्कर*, 15 अप्रैल, पृष्ठ क्र. 2
6. Drishti Media(videos) (2019) *Politics on Women Employment- AudioArticle*. 18 March. Available at :https://youtu.be/HY2oYtJtMr0?si=6j-7K8ALdUHEqLdUHEqLNu. (accessed: 12 April 2024).
7. Sansad tv (2022) *महिला सशक्तिकरण/75*– 15August. Available at: https://youtu.be/jtS1F052GgY?si=MCyN4adcMSyvL. (accessed: 11 April 2024).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उच्च शिक्षण संस्थानों का स्थानीय आर्थिक विकास में योगदान मध्य प्रदेश के मालवा के आगर मालवा एवं निमाड़ के खरगोन क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में

डॉ. मितेश चौधरी* सपना सोनी**

* सह प्राध्यापक, महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेज, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, स्कूल ऑफ कॉमर्स, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, तक्षशिला परिसर, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मध्य प्रदेश का मालवा और निमाड़ क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, जिनमें कृषि, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है। उच्च शिक्षण संस्थान इन क्षेत्रों में स्थानिय आर्थिक विकास के प्रमुख कारक बनकर उभरे हैं। इन संस्थानों का योगदान केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोजगार सृजन, कौशल विकास, उद्यमिता को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे को सशक्त करने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस शोध पत्र में, हम उच्च शिक्षण संस्थानों के इन क्षेत्रों में योगदान की गहराई से विवेचना करेंगे, विशेषकर उनके द्वारा उत्पन्न आर्थिक लाभ, सामाजिक परिवर्तन और स्थानीय उद्यमिता पर उनके प्रभाव को समझने की कोशिश करेंगे। प्राथमिक आंकड़ों के आधार पर, यह अध्ययन विभिन्न पहलुओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

शब्द कुंजी – उच्च शिक्षा, आर्थिक विकास, शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थी, शिक्षण संस्थाए।

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। भारत विश्व का सबसे युवा देश है यह गौरव भारत को सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक क्षेत्रों में भी प्राप्त हैं। आर्थिक विकास किसी अर्थव्यवस्था में आर्थिक वृद्धि की प्रक्रिया को दर्शाता है । इस प्रक्रिया का केन्द्रीय उद्देश्य अर्थव्यवस्था के लिए प्रति व्यक्ति वास्तविक आय का ऊंचा और बढ़ता हुआ स्तर प्राप्त करना होता है। किसी देश के विकास के लिए मानवीय संसाधनों का विकास करना आवश्यक होता हैं। मानवीय संसाधनों के विकास की दृष्टि से उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान हैं। उच्च शिक्षा सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम हैं। उच्च शिक्षा देश के आर्थिक विकास के जरिये आम जनता के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में योगदान देती हैं। एक शक्तिशाली समाज तथा एक समर्थ व जीवंत अर्थव्यवस्था के निर्माण करने की दृष्टि से शिक्षा के व्यापक उद्देश्य और भूमिका को दरकिनार कर सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बाजार शक्तियों के भरोसे छोड़ दिया हैं। इन नीतियों के फलस्वरुप देश में उपाधि प्राप्त बेरोजगारी की फौज खड़ी हो गई है, जो चिंताजनक हैं। किसी भी समाज अथवा राज्य की शिक्षा उसकी आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती हैं। शिक्षा के द्वारा सामाजिक, आर्थिक विकास होता हैं। शिक्षा सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक वातावरण तैयार करती है जिससे राष्ट्रीय विकास होता हैं।

मध्यप्रदेश – म.प्र. भारत का एक राज्य हैं जिसकी राजधानी भोपाल हैं। म.प्र. 1 नवंबर 2000 तक क्षेत्रठल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य था, इस दिन मध्य प्रदेश राज्य से 14 जिले अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई। 2011 की जनगणना के अनुसार म.प्र. की साक्षरता 70.60% थी जसमें पुरुष साक्षरता 80.5% व महिला साक्षरता 60.0% थी। वर्ष 2017 के आकड़ों के मुताबिक राज्य में 114,418 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय और 3851 उच्च विद्यालय व 4765 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है।

मालवा – मालवा महाकवि कालिदास की धरती हैं यहां की धरती हरी – भरी धन धान्य से भरपूर रही हैं। मालवा ज्वालामुखी के उदगार से बना पश्चिमी भारत का एक अंचल हैं । पश्चिमी भाग तथा राजस्थान के दक्षिण पूर्वी भाग से गठित यह क्षेत्र प्राचिन काल से ही एक स्वतंत्र राजनैतिक इकाई रहा हैं। मालवा के अधिकांश भाग का गठन जिस पठार के द्वारा हुआ हैं उसका नाम भी इसी अंचल के नाम से मालवा का पठार हैं यह वर्तमान में लगभग 47760 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फेला हुआ हैं तथा इसके अंतर्गत धार, झाबुआ, रतलाम, देवास, इंदौर, उज्जैन, आगर, मंदसौर, सिहौर, रायसेन, राजगढ़ तथा विदिशा आदि जिले आते हैं।

निमाड़ – निमाड़ मध्य प्रदेश के पश्चिमी ओर स्थित है। इसकी भौगोलिक सीमाओं में निमाड़ के एक तरफ विन्ध्य पर्वत और दूसरी तरफ सतपुड़ा हैं, जब कि मध्य में नर्मदा नदी है। पौराणिक काल में निमाड़ अनूप जनपद कहलाता था। बाद में इसे निमाड़ की संज्ञा दी गयी। फिर इसे पूर्वी और पश्चिमी निमाड़ के रूप में जाना जाने लगा। निमाड़ का जिले के रूप में गठन ब्रिटिशराज में नेरबुद डिवीजन में हुआ था जिस का प्रशासनिक मुख्यालय खण्डवा में था। निमाड़ अंचल में निम्न जिले आते है–बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन,। निमाड़ क्षेत्र में निम्न शहर आते है –बड़वाह, बड़वानी, बुरहानपुर, हरसूद, खंडवा, खरगोन, जूलवानिय, बमनाला, भीकनगावं, मूँढी, सनावद ।

साहित्य का पुनरावलोकन – इस अध्ययन ने शिक्षा संस्थानों की भूमिका, गुणवत्ता, और प्रभाव को मापने के लिए मूल्यांकन मापकों का उपयोग किया है। विशेष रूप से, उच्चतर शिक्षा संस्थानों के छात्रों की उपयोगिता और

तकनीकी क्षमताओं के प्रतिपादन की गुणवत्ता पर विचार किया गया सुधार करने के लिए अवसर प्रदान कर सकती है। इस अध्ययन ने उच्चतर शिक्षा संस्थानों के विभिन्न स्तरों के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसरों और आयोग्यता में सुधार के प्रत्येक पहलु को भी उजागर किया है। इस अध्ययन के परिणामों की समीक्षा भारतीय सरकार, शिक्षा नियामक निकायों, और शिक्षा प्रशासनिक निकायों को उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा और सुधार करने के लिए अवसर प्रदान कर सकती है। इस अध्ययन के माध्यम से उच्चतर शिक्षा संस्थानों के भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण और आवश्यक स्थान पर विचार किया जाना चाहिए और इसे समर्पित करने के लिए उच्चतर शिक्षा सेक्टर में सुधारों के लिए नीतियों और योजनाओं की विकास की जरूरत होती है**(आर.एस.,2010)**।

'यह शोध उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करता है। इस अध्ययन में सृजनात्मक तत्वों का उपयोग किया गया है जो शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास को समझने में मदद करते हैं। यह अध्ययन उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में नए विचारों और दिशा निर्देशों को प्रस्तुत करने का प्रयास करता है जो संस्थानों को उनके आर्थिक विकास की सुगमता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। अध्ययन में सृजनात्मक तत्वों का प्रयोग किया गया है जो शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास को समझने में मदद करते हैं। यह अध्ययन उच्चतर शिक्षा क्षेत्र में नई सोच, नई दिशानिर्देश और उद्देश्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास करता है, जो संस्थानों के आर्थिक विकास की सुविधा में सुधार करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। यह अध्ययन उच्चतर शिक्षा संस्थानों और उनके विभिन्न हिस्सों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, जिससे उन्हें अपने आर्थिक विकास को बेहतर बनाने के लिए उपाय निर्धारित करने में मदद मिल सकती है **(गुप्ता, 2012)**।

इस अध्ययन में उच्चतर शिक्षा संस्थानों की आर्थिक विकास में भूमिका के परिदृश्य को भारतीय संदर्भ में जांचा गया है। यह शोधपत्र भारतीय शिक्षा प्रणाली के आर्थिक मापदंडों, वित्तीय संसाधनों, सरकारी नीतियों और संगठनात्मक ढांचे का विश्लेषण करता है। इसका उद्देश्य है, उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास की समझ बढ़ाना और उनके लिए आवश्यक नीतिगत सुझाव प्रदान करना। इस अध्ययन का अवलोकन भारत में उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान को प्रदान करने की संभावना प्रदान करता है **(यादव, और गोयल, 2014)**।

शोध की परिकल्पना

H(1): उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं।

शोध के उद्देश्य :

1. उच्च शिक्षण संस्थाए किस प्रकार मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में भूमिका निभाती हैं व किस प्रकार उसे प्रभावित करती हैं।

'शोध कार्य के अंतर्गत शोध हेतु, शोध क्षेत्र के रूप में 'मालवा एवं निमाड़' के निम्न जिलों व उनकी शासकीय शिक्षण संस्थाओं को लिया गया जिनका वर्णन निम्नानुसार है'

मालवा – निमाड़

आगर मालवा जिला – खरगोन जिला

शोध कार्य हेतु आगर मालवा जिले के निम्न शासकीय महाविद्यालयों को शोध क्षेत्र के रूप में लिया गया :

तालिका क्रमांक 1: शोध कार्य हेतु चुने गए आगर मालवा जिले के शासकीय महाविद्यालय

क्र.	महाविद्यालय का नाम	स्थान	जिला
1.	नेहरू स्नात्कोत्तर शासकीय महाविद्यालय	आगर मालवा	आगर मालवा
2.	शासकीय महाविद्यालय	बडोद	आगर मालवा
3.	शासकीय महाविद्यालय	नलखेड़ा	आगर मालवा

शोध कार्य हेतु खरगोन जिले के निम्न शासकीय महाविद्यालयों को शोध क्षेत्र के रूप में लिया गया –

तालिका क्रमांक 2: शोध कार्य हेतु चुने गए खरगोन जिले के शासकीय महाविद्यालय

क्र.	महाविद्यालय का नाम	स्थान	जिला
1	शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय	खरगोन	खरगोन
2	शासकीय महाविद्यालय	मंडलेश्वर	खरगोन
3	शासकीय महाविद्यालय	सनावद	खरगोन
4	शासकीय महाविद्यालय	सनावद	खरगोन

समंको का संकलन – शोध अध्ययन के लिए प्राथमिक समंको का एकत्रीकरण, साक्षात्कार व सामाजिक माध्यम के द्वारा ऑनलाइन, प्रश्नावली भरवाकर किया गया। उपरोक्त जिलों के अंतर्गत आने वाले शासकीय महाविद्यालयो से 500 उत्तरदाताओं में से 480 उत्तरदाताओं से प्राप्त प्रतिउत्तर का चयन किया गया। अन्य प्राप्त प्रतिउत्तर अधूरे व संतुष्टि जनक नहीं होने के कारण अस्वीकार कर दिए गए।

फैक्टर विश्लेषण– विश्लेषणात्मक – वर्तमान शोध अध्ययन मालवा–निमाड़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उच्च शिक्षण संस्थाएं जो उच्च शिक्षा प्रदान करती हैं, को केन्द्रित करते हुए प्राथमिक समंकों के आधार पर निष्कर्ष ज्ञात किये गये जिन्हे सत्यापित करने के लिए विभिन्न पहलूओं का अध्ययन किया तथा परिकल्पनाओं का निम्नानुसार सत्यापन किया गया है

सर्वप्रथम प्रश्नावली में 40 प्रश्नों को लिकर्ट तालिका के माध्यम से SPSS–26.0 सॉफ्टवेयर में अध्ययन हेतु रखा गया। इसके अंतर्गत चर विश्लेषण के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण कारकों का फेक्टर लोडिंग के आधार पर मान ज्ञात किया गया। ऐसे कौन से कारक महत्वपूर्ण हैं जो मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की महती भूमिका का अध्ययन प्रस्तुत करने में समक्ष हैं। KMO व Bartlett's टेस्ट का प्रयोग करने का उद्देश्य यह ज्ञात करना होता है कि शोध अध्ययन में प्रयुक्त आँकड़े व प्रश्न विश्लेषण के लिए उपयुक्त है या नहीं ? साथ ही यह चर के स्तर की विश्वसनीयता की जाँच भी करता है। KMO का मान 0–6 से अधिक आने पर ही शोध–अध्ययन को आगे बढ़ाया जा सकता है। DF (Degree of Freedom) का मान 0–6 से उपर होना चाहिए व Significance, 0.05 से कम होना चाहिए। एक प्रश्न का मान 0–5 से अधिक होने पर ही अध्ययन किया जाना संभव होता है।

तालिका 3: KMO and Bartlett's Test

Kaiser-Meyer-Olkin Measure of Sampling Adequacy.		.898
Bartlett's Test of Sphericity	Approx. Chi-Square	12783.791
	Df	780
	Sig.	.000

तालिका क्र. 3 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि KMO टेस्ट का मान 0-898 है, जो 0-6 से अधिक है जो उच्च स्तरीय संबंध को प्रकट करता है। Bartlett's टेस्ट का मान 12783.791 है, जो 40 प्रश्नों के आधार पर ज्ञात हुआ है। इसके अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न का मान 5-0 से अधिक होना चाहिए, जो कि अधिक है व Model of fitness में आँकड़ों की समर्थता को प्रदर्शित करता है। Significance का प्राप्त मान 0-000 है जो कि 0-05 से कम है। उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि प्राप्त आँकड़ों के मान के माध्यम से शोध अध्ययन को आगे बढ़ाया जा सकता है।मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की महती भूमिका का विश्लेषण को चर के लिए घुमावदार कारक मैट्रिक्स तालिका 4 में दिया गया है

तालिका 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 4 में सामान्य कारक गुणांक के मैट्रिक्स का प्रतिनिधित्व है। निकाले जाने वाले कारक की संख्या 5 है। अनुपात जो उच्चतम लोडिंग है (= 0-50) प्रत्येक कारक में समूहीकृत किया जाता है। अंतिम कॉलम कम्युनिटी (एच) है, यह फैक्टर द्वारा समझाया विवरण है।

शोध परिकल्पना का मूल्यांकन

प्रश्नावली की विश्वसनीयता तालिका क्रमांक 5

Reliability Statistics

Cronbach's Alpha	N of Items
0.893	40

मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की महती भूमिका का मूल्यांकन करने के लिए प्रश्नावली का निर्माण किया गया जिसके अन्तर्गत जनसांख्यिकी डाटा के अलावा 40 प्रश्नों को स्केल पर आधारित करके प्रश्नावली की विश्वसनीयता का आँकलन किया गया। प्रश्नावली की विश्वसनीयता का मान 0.893 अभिप्राय है 89.3 प्रतिशत प्रश्नावली विश्वसनीय है,जिसका सत्यापन क्रानवेक अल्फा द्वारा किया गया है, अत: परिणामस्वरूप प्रश्नावली के विश्लेषण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

H(1): उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं।

तालिका क्रमांक 6: One-Sample Test आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थाओं की महती भूमिका

	Test Value = 0					
	T	Df	Sig. (2-tailed)	Mean Difference	95% Confidence Interval of the Difference	
					Lower	Upper
आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थाओं की भूमिका	16.012	479	.000	1.71800	1.6615	1.7545

उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं यह जानने के लिए टी-टेस्ट परीक्षण का उपयोग किया गया है। टी-टेस्ट की तालिका के अनुसार सार्थकता मान .000<.05 है, व टी-टेस्ट का परिकलित मान 16-012 स्वतन्त्र कोटि 1 पर है, जो कि सारणीकृत मान 1-96 से अधिक हैं। अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि परिकल्पना **H(1): उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महती भूमिका निभा रही हैं** को स्वीकृत किया जाता है।

अत: परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि उच्च शिक्षण संस्थाएं मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हमारी अध्ययन ने स्पष्टता से दिखाया है कि उच्च शिक्षण संस्थाएं न केवल शैक्षिक क्षेत्र में अपना कार्य सम्पन्न कर रही हैं, बल्कि उनका सकारात्मक प्रभाव राज्य के आर्थिक संदर्भ में भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में अपने साकारात्मक योगदान के माध्यम से राज्य को विकसित करने में सहायक हो रहे हैं। इस निष्कर्ष के माध्यम से हम यह स्थापित करते हैं कि उच्च शिक्षण संस्थाएं अनेक आर्थिक गतिविधियों, रोजगार के अवसरों, और आम जनता के आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से शामिल हो रही हैं। इस अध्ययन से प्राप्त परिणाम समाप्त होने पर हम यह कह सकते हैं कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र का आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है और इसे और बढ़ावा देने के लिए संबंधित स्कीमों और नीतियों की आवश्यकता है।

शोध निष्कर्ष : शोध विश्लेषणों से प्राप्त निष्कर्ष निम्नानुसार है -

शोध अध्ययन से ज्ञात होता है कि, उच्च शिक्षण संस्थाएँ विभिन्न पैरामीटर्स पर ध्यान केंद्रित करके छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के लिए तैयार करने में सक्षम हैं। उच्च शिक्षा के इस प्रणालीकृत योगदान के परिणामस्वरूप, छात्रों को सही रूप से तैयार किया जा रहा है, जिससे वे समृद्धि और विकास के क्षेत्र में अधिक सक्षम हो रहे हैं। शोध अध्ययन के परिणामों के अनुसार, संस्थाओं द्वारा प्रदान की जा रही उच्च शिक्षा न केवल शिक्षार्थियों को उच्चतम शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश करने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही है। इस प्रकार की शिक्षा आर्थिक साक्षरता को बढ़ावा देने, नौकरी अवसरों को बढ़ाने और सामाजिक समानता की दिशा में कदम उठाने में सहायक हो रही है। यह आत्मनिर्भरता और रोजगार सृष्टि में भी सहायक हो रही है, जिससे समृद्धि की दिशा में प्रगति हो रही है।

शिक्षा की चुनौतियाँ एवं समाधान - प्रश्न उठता है कि वे कौन सी चुनौतियां हैं जिनका सामना करने की कवायद शिक्षक-शिक्षा को करनी है। इसका उत्तर देने के लिए शिक्षा के समक्ष जिन क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं अथवा भविष्य में और तीव्र होकर सामने आने की आशंका है उन्हें तीन प्रमुख भागों में बांटा जा सकता है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग के अन्तर्गत आर्थिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली चुनौतियां हैं। हम जानते हैं कि 1992 के बाद भारत की आर्थिक नीति में कई मूलभूत परिवर्तन हुए हैं और शिक्षा के क्षेत्र में व्यय की जा रही धनराशि का विश्लेषण, लागत और लाभ के आधार पर किया जा रहा है। शिक्षा संस्थाओं से अपने संसाधन स्वयं जुटाने की बात की जा रही है और निजीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। अंतिम चुनौती भरा क्षेत्र राजनीतिक है। यद्यपि अपने देश में लोकतांत्रिक शासन-प्रणाली प्रचलित है तथापि नीतिगत अस्पष्टता अथवा व्याख्या भिन्नता के कारण कभी-कभी कुछ व्यवधान आ जाते हैं। आंतरिक एवं बाह्य दबाव समूह भी निर्णयों को प्रभावित करते हैं। आंतरिक स्तर पर राजनैतिक दल तथा बाह्य स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं दबाव समूह का कार्य करती हैं जिससे नीतियों के निर्माण तथा उनके क्रियान्वयन पर प्रभाव पड़ता है ।

उपसंहार - शोध अध्ययन के तथ्यों से स्पष्ट होता है कि मालवा निमाड़ क्षेत्र के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थाएं पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं, साथ ही साथ उच्च शिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रदान किया गया उच्च शिक्षा क्षेत्र के विकास में भी भरपूर योगदान प्रदान करती है। उच्च शिक्षा, जो उच्च शिक्षण

संस्थाओं द्वारा प्रदान की जा रही है, समाज में सकारात्मक बदलाव और आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह विद्यार्थियों को न केवल विशेषज्ञता क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहारा प्रदान करती है, बल्कि उन्हें समाज में जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी कार्य करती है। उच्च शिक्षा के माध्यम से विकसित किए गए कौशल और ज्ञान का उपयोग समाज के समस्त क्षेत्रों में किया जा सकता है, जैसे कि विज्ञान, साहित्य, कला, और सामाजिक विज्ञान। इसके परिणामस्वरूप, यह एक समृद्ध समाज की दिशा में बदलाव लाने में मदद कर सकती है और राष्ट्रीय विकास को प्रोत्साहित कर सकती है। बढ़ती तकनीकी निर्भरता के युग में, विद्यार्थियों को मूल्यपरक रोजगारों की दिशा में शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण समय है जब तकनीकी उन्नति और विकास ने नौकरी के क्षेत्रों में नए मानकों को स्थापित किया है और विभिन्न क्षेत्रों में नौकरीयों की मांग बढ़ा दी है। विद्यार्थियों को उच्चतम स्तर की तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलना चाहिए, जिससे वे स्वतंत्र रूप से नए और सुगम मार्गों की ओर बढ़ सकें। इससे न केवल उनका व्यक्तिगत विकास होगा, बल्कि वे समाज में भी सकारात्मक रूप से योगदान देंगे। समृद्धि और विकास के पथ पर चलने के लिए, उच्च शिक्षा से जुड़े कौशलों और ज्ञान को मजबूत बनाए रखना महत्वपूर्ण है। यह न केवल एक व्यक्ति को उसके चयनित क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने में मदद करेगा, बल्कि समृद्धि के पथ में पूरे समाज को भी साथ लेने में सहायक होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://www.allresearchjournal.com/archives/2020/vol6issue2/PartE/6-11-146-542.pdf
2. https://ncert.nic.in/textbook/pdf/ihss102.pdf
3. Meyer, Milton Walter.(1976)." *A Short History of the Subcontinent". South Asia*. pages no. 1, ISBN 0-8226-0034-X)
4. http://www.census2011.co.in/census/state/madhya+pradesh.html
5. http://www.educationportal.mp.gov.in/Public/Schools/ssrs/State_School_Block.aspx?MP=1
6. https://educationforallinindia.com/issues-challenges-indian-education-system-is-facing/
7. गुप्ता, मनीष. (2012)- उच्चतरशिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास में भूमिका: एक सृजनात्मक अध्ययन। अर्थशास्त्र विभागीय अध्ययन, 15(3) 78-92
8. https://hi.wikipedia.org/wiki/मध्यमप्रदेश/शिक्षा
9. https://hi.wikipedia.org/wiki/मालवा/मुखम-स्थान-एवं-नगर
10. https://hi.wikipedia.org/wiki/निमाड़
11. https://highereducation.mp.gov.in/
12. hhttp://hindimedia.in/depending-on-the-quality-of-higher-education/?print=print
13. Mohun P. Odit, K.Dookhan and S. Fauzel (2010) The Impact of Education On Economic Growth: The Case Of Mauritius. International Business & Economics Research Journal.Volume 9, Number 8, pp.141-145.
14. प्रकाश, आर. एस. (2010). उच्चतर शिक्षा संस्थानों का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान: एक अध्ययन। अर्थशास्त्र अनुसंधान, 12(2), 45-62).
15. http://www.socialresearchfoundation.com/upoadreserchpapers/6/161/1708190841091st%20ravindra%20modi.pdf
16. यादव, सुरेशचन्द्र, और गोयल, सुशील. (2014). उच्चतर शिक्षा संस्थानों की आर्थिक विकास में भूमिका: भारतीय परिदृश्य। शिक्षा सांख्यिकी, 17(1), 34-48.

तालिका 4: घुमावदार कारक मैट्रिक्स

स.क	प्र क्र	विवरण	कारक 1	कारक 2	कारक 3	कारक 4	कारक 5	कम्युनिटी (एच)
1	8	गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना	.915					.792
2	6	सेमेस्टर प्रणाली के माध्यम से उच्च शिक्षा में व्यापक परिवर्तन	.911					.765
3	5	पुराने शिक्षण नियम एवं नीति में बदलाव	.890					.726
4	1	उच्च शिक्षण संस्थाएं पर्याप्त संख्या में उपलब्ध	.887					.585
5	7	सामाजिक, आर्थिक,सांस्कृतिक, नैतिक एवंआध्यात्मिक मसलों परसोच–विचार	.881					.805
6	9	बढ़ती तकनीकी निर्भरता के समय में विद्यार्थियों को मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा देना	.876					.834
7	2	उच्च शिक्षण क्षेत्र के विकास में योगदान	.864					.785
8	3	सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा	.850					.847
9	10	अधोसंरचनात्मक ढाँचे में बदलाव की आवश्यकता	.829					.773
10	15	आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका	.792					.704
11	14	आर्थिक उदारीकरण के कारण शिक्षा के क्षेत्र मे शिक्षा संस्थानों से अपेक्षाएँ	.770					.891
12	4	शिक्षा से संबंधित बनाए गए नियम एवं नीतियां	.750					.903
13	5	शिक्षा के क्षेत्र में परिदृश्य बहुत तेजी से बदला	.741					.577
14	12	व्यक्ति के जीवन में उच्च मूल्यों का विकास	.739					.613
15	11	अकादमिक गतिविधियों को राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने का प्रयास	.735					.650
16	30	शिक्षा की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार		.763				.497
17	29	सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा		.725				.706
18	36	शिक्षकों को रोल–मॉडल बनने का अवसर		.638				.745
19	26	आर्थिक वृद्धि और विकास में सकारात्मक योगदान		.634				.687
20	19	आवश्यक कौशल और ज्ञान		.611				.669
21	27	प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे जैसे शैक्षिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग		.538				.674
22	40	कल्याणकारी राज्य को प्रगति करने और अन्य विकासशील और विकसित राष्ट्रों के साथ तालमेल		.505				.680
23	33	उच्च शिक्षा देश की संस्कृति को गढ़ने का हथियार		.500				.591
24	21	साक्षरता दर में वृद्धि			.738			.727
25	22	व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता			.719			.706
26	28	उच्च शैक्षिक प्राप्ति के स्तर से नवाचार और उद्यमिता में वृद्धि			.644			.592
27	16	रोजगार के अवसर			.630			.619
28	23	नीतियों को आर्थिक विकास के लिए एक प्रमुख चालक के रूप में शिक्षा को प्राथमिकता			.612			.507
29	37	समाज में 'भावी पीढ़ी–निर्माण'			.602			.634
30	31	'अर्न व्हाइल यू लर्न' योजना				.698		.644
31	34	विद्यार्थियों को रोजगारोंमुखी प्रोजेक्ट आवंटित करना				.676		.647
32	39	सरकार का सम्मिलित प्रयास				.650		.509
33	35	शिक्षण प्रणाली में शिक्षकों को भी अपने विकास का मौका				.645		.685
34	32	'अर्न व्हाइल यू लर्न' योजना को जनभागीदारी के माध्यम से किए जाने की आवश्यकता				.640		.670
35	38	आर्थिक नीतियां और शिक्षा के लिए धन का आवंटन				.634		.571
36	25	आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त					.790	.538
37	24	उच्च शिक्षण संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग					.785	.557
38	20	आय असमानता को कम करने में मदद					.767	.535
39	18	शिक्षा में निवेश					.765	.672
40	17	उच्च उत्पादकता और आर्थिक विकास					.732	.488

(स्रोत:– प्राथमिक समंक)

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भूमि उपयोग परिवर्तन का मूल्यांकन एवं उसका भोपाल महानगरीय उपातं की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर प्रभाव

डॉ. दुर्गेश कुर्मी*

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मानवीय आर्थिक गतिविधियों के फलस्वरूप भूमि उपयोग में तीव्र गति से लगातार परिवर्तन हो रहे हैं। भूमि उपयोग परिवर्तन संबंधी आंकड़ों की सटीक उपलब्धता प्राकृतिक संसाधन एवं पर्यावरण प्रबंधन, नियोजन, निगरानी, प्रशासनिक योजनाओं जैसे अनेक अनुप्रयोगों के लिए अति महत्वपूर्ण होते हैं। भूमि उपयोग परिवर्तन का मूल्यांकन समस्थानिक विधि से दशकीय आधार पर 2001 से 2021 तक कृषि भूमि, निर्माण क्षेत्र, जलीय निकाय, वन भूमि, बंजर भूमि आदि चरों का प्रयोग किया गया है, जिसमें लैण्डसेट 5टीएम 2001, लैण्डसेट 7ईटीएम 2011 एवं लैण्डसेट 8ओएलआई 2021 जैसी सेटेलाइट इमेजरी का उपयोग कर आर्क जीआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से विश्लेषण किया गया। भोपाल महानगर में भूमि उपयोग परिवर्तन का प्रमुख कारण नगरीय फैलाव है, जो कि महानगर के दक्षिण एवं दक्षिण–पश्चिम दिशा में अप्रत्याशित रूप से हो रहा है। 2001 से 2021 के मध्य भोपाल महानगर के भूमि उपयोग में क्रमशरू कृषि भूमि, जलीय निकाय, वन भूमि, बंजर भूमि में 33%, 17.27%, 42%, 7.36% का ह्रासात्मक एवं निर्माण क्षेत्र में 316% की सकारात्मक परिवर्तन देखा गया। इसके परिणामस्वरूप महानगरीय उपातं पृष्ठभूमि पर सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव जैसे पारस्परिक सामाजिक संबंधों की कमी, पारस्परिक समन्वय एवं समरस्ता की कमी, व्यवसायिक संरचना में परिवर्तन तथा जीवन स्तर पर प्रभाव आदि स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं।

शब्द कुंजी – भूमि उपयोग परिवर्तन, नगरीय फैलाव, भोपाल महानगर।

प्रस्तावना – पृथ्वी पर सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में से एक भूमि है, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने एवं विकास का आधार है। भूमि संसाधन देश का सबसे मूल्यवान प्राकृतिक संपदा होती है और उसका नियोजित और उचित तरीके से उपयोग अत्यंत चिंता का विषय है, क्योंकि अन्य सभी प्राकृतिक एवं मानवीय क्रियाकलाप भूमि पर ही निर्भर होते हैं। जब भूमि का उपयोग मानव अपनी आवश्यकतानुसार कर रहा हो, तो उस भू–भाग के लिए भूमि–उपयोग शब्द का प्रयोग उचित होगा।[1] अर्थात् जब भूमि उपयोग में भू–भाग का प्राकृतिक स्वरूप क्षीण हो जाता है तथा मानवीय क्रियाओं का योगदान महत्वपूर्ण हो जाता है तभी इसे भूमि उपयोग की संज्ञा देते हैं। भूमि उपयोग उस कार्य या उद्देश्य से संबंधित है जिसके लिए भूमि का उपयोग जनसंख्या द्वारा किया जाता है। इसे उन मानवीय गतिविधियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो सीधे तौर पर भूमि संसाधनों का उपयोग करने या उन पर प्रभाव डालने से संबंधित हैं।[2] प्राकृतिक वातावरण में मानवीय गतिविधियाँ भूमि उपयोग और भूमि आवरण परिवर्तन की मुख्य प्रेरक शक्तियों में से एक हैं।[3] प्राकृतिक क्षेत्रों का औद्योगिक या कृषि क्षेत्रों में परिवर्तन मुख्य रूप से भूमि आवरण में नाटकीय परिवर्तन के लिए उत्तरदायी हैं, विशेषकर विकासशील देशों में।[4] भूमि उपयोग एवं भूमि आवरण परिवर्तन का संबंध इससे जुड़ा है कि कैसे मानव एवं पर्यावरण अंतरक्रिया करते हैं।[5] भूमि उपयोग परिवर्तन के प्रतिरूप विश्लेषण करने से, भूमि उपयोग प्रबंधकों और निर्णय निर्माताओं में मानव और प्राकृतिक प्रक्रियाओं के मध्य संबंधों की बेहतर समझ प्राप्त हो सकती है।[6] वैश्विक स्तर पर भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए जनसंख्या में तीव्र वृद्धि सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। भूमि उपयोग और जल की गुणवत्ता में परिवर्तन औद्योगिकीकरण, नगरीकरण और खनन जैसी मानवजनित गतिविधियों से प्रभावित होते हैं।[7] सूदूर संवेदन आंकड़े भूमि उपयोग परिवर्तन के अध्ययन के लिए बहुउपयोगी एवं मूल्यवान हैं।[8]

भोपाल महानगर के भूमि उपयोग के प्रतिरूप का परीक्षण करते हुए, निष्कर्षतरू नगर में मुख्य रूप से विकसित क्षेत्रों में पांच प्रकार के नगरीय भूमि उपयोग हैं – सर्वाधिक आधिपत्य आवासीय भूमि का है, इसके बाद औद्योगिक, सार्वजनिक और अर्ध–सार्वजनिक, मनोरंजन और परिवहन का स्थान है। नगर में व्यापक व्यावसायिक भूमि उपयोग के बावजूद, विभिन्न क्षेत्रों में दैनिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवासीय क्षेत्रों में छोटे शॉपिंग सेंटर हैं। कई मनोरंजक स्थान हैं और शहर में एक अच्छा परिवहन नेटवर्क है जो नगरीय गतिविधियों के विकास में मदद करता है। नगर में अन्य सेवाएं, औद्योगिक और व्यापारिक और वाणिज्यिक गतिविधियां प्रमुख कार्य हैं।[9] विश्लेषण से यह अनुभव किया गया है कि भोपाल नगर का क्षैतिज विस्तार तीव्र गति से हो रहा है, 1991 में नगरीय विस्तार जहां 15.8 वर्ग किमी था, वहीं 2016 में 184.5 वर्ग किमी हो गया। इसमें स्थानिक असमानता के साथ 7 वर्ग किमी की दर से प्रतिवर्ष परिवर्तन हुआ। इस विस्तार का सीधा प्रभाव भूमि उपयोग/भूमि आवरण पर पड़ा है। निर्माण भूमि का विस्तार मुख्यत: कृषि और वन भूमि पर होता है। ये दोनों प्रथम वर्ग हैं जो इस विस्तार प्रक्रिया से अत्याधिक प्रभावित हैं।[10] भोपाल का उद्भव

और इतिहास, जिसका विस्तृत वर्णन किया गया है, अलग-अलग शासकों के शासन काल में भोपाल में विभिन्न निर्माण कार्य हुये जिससे एक नगर के रूप में एक मजबूत आधार प्राप्त किया। कैसे हाल के दिनों मभिोपाल एक प्रमुख शहर के रूप में उभरा है। मध्य प्रदेश के अन्य नगरों की तुलना में भोपाल के विकास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।[11] इस प्रकार का अध्ययन किसी क्षेत्र में आवश्यक उपयुक्त विकास के बारे में समझ प्रदान करता है। भोपाल को अध्ययन के क्षेत्र के रूप में चुनने के विभिन्न कारणों में से एक यह है कि सरकार द्वारा इसे स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए मान्यता प्राप्त है।[12]

उद्देश्य:

1. भोपाल महानगर के भूमि उपयोग परिवर्तन का मूल्यांकन करना।
2. भोपाल महानगर के भूमि उपयोग परिवर्तन का महानगरीय उपातं की पृष्ठभूमि पर प्रभावों का अध्ययन करना।

शोध प्राविधि – अध्ययन में उपयोग किए गए आंकड़ों के स्रोत निम्न प्रकार हैंख-

1. भारतीय सर्वेक्षण विभाग का धरातल पत्रक क्र. F43/F7, F8, मापनी 1:50,000
2. भोपाल नगरीय विकास योजना 1991, 2005, 2031 (ड्राफ्ट)

सारणी क्र. 01 इमेजरी विवरण

क्र.	सैटेलाइट	इमेजरी	वर्ष
1	लैंडसैट	लैंडसैट टीएम	1991
2	लैंडसैट	लैंडसैट ईटीएम	2001
3	लैंडसैट	लैंडसैट ईटीएम	2011
4	लैंडसैट	लैंडसैट ओआईएल	2021

यह अध्ययन कार्य 1991 से 2021 तक 30 वर्षों की समयावधि को लेकर किया गया है। अध्ययन में द्वितीयक आंकड़ों के साथ एक एकीकृत भू-स्थानिक दृष्टिकोण यानी सुदूर संवेदी और जीआईएस को अपनाया गया है। सुदूर संवेदन और जीआईएस आंकड़ों को क्रमश: एर्डास इमेजिन (लीका जियोसिस्टम द्वारा विकसित) और आर्कजीआईएस (ईएसआरआई द्वारा विकसित) की मदद से विश्लेषित किया गया।

प्राथमिक आंकड़ों का एकत्रिकरण प्रश्नावली से शोधकर्ता द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया।

आरेख क्रमांक 01 : आधारभूत आंकड़े

आरेख क्रमांक 02 : इमेजरी विश्लेषण के चरण



सारणी क्रमांक 02: चयनित भूमि उपयोग के वर्ग

क्र.	वर्ग	वर्णन
1	जलीय निकाय	नदी, तालाब, नहर, झीलें, डेम
2	वन भूमि	सदा हरित वन, पर्णपाती वन, विरल वन, सघन वन, वनस्पति, घास भूमि
3	निर्माण भूमि	आवासीय भूमि, वाणिज्यिक क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, परिवहन मार्ग,
4	कृषि भूमि	आर्द्र एवं शुष्क फसल क्षेत्र
5	खुली भूमि/ बंजर भूमि	परती भूमि

स्त्रोत: भोपाल विकास योजना, 1991

अध्ययन क्षेत्र – भौगोलिक दृष्टि से अध्ययन क्षेत्र मालवा पठार के पहाड़ी इलाके में 77°25' पूर्वी देशांतर और 23°15' उत्तरी अक्षांश पर तथा समुद्र तल से 550-600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भोपाल मालवा पठार के भीतर पहाड़ी भूभाग पर स्थित है, जो ज्वालामुखी उद्गार से निर्मित है। भोपाल अपनी उत्तर-पूर्व सीमा विदिशा जिले के साथ और उत्तर-पश्चिम सीमा राजगढ़ जिले के साथ साझा करता है। रायसेन और सीहोर जिला क्रमश: दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिमी परिधि से भोपाल को घेरे हुए है। प्राकृतिक रूप से भोपाल को दो भागों में बांटा जा सकता है - पहाड़ी और पठारी। नगर की दक्षिणी सीमाएँ विंध्य पहाड़ी श्रृंखला के समानान्तर विस्तृत हैं। यह पर्वत श्रृंखला भोपाल के दक्षिण से उत्तरी क्षेत्र तक भोपाल नगर की सीमा के समानान्तर विस्तृत है। दक्षिणी विंध्याचल श्रेणी से सटी नर्मदा घाटी की उपस्थिति भोपाल के कृषि क्षेत्र के लिए वरदान है। यह घाटी भोपाल के प्रमुख क्षेत्रों मं पायी जाने वाली आग्नेय चट्टानों के अनाच्छादन से बनी काली मिट्टी को उर्वरता प्रदान करती है। हालाँकि, विंध्यांचल पर्वत श्रृंखला की दक्षिणी-पूर्वी शाखा बलुआ पत्थर की पहाड़ियों से बनी हुई है।

आरेख क्रमांक 03 : अध्ययन क्षेत्र



स्त्रोत : भोपाल विकास योजना

विश्लेषण – वर्तमान समय में भूगोलवेत्ताओं एवं भू-वैज्ञानिकों को स्थानिक गतिशीलता, भूमि उपयोग एवं भूमि आवरण परिवर्तन को समझना एक चुनौती पूर्ण कार्य है क्योंकि इसके विश्लेषण के लिए कोई एक सर्वभौम्य मान्य मॉडल नहीं है।

भूमि उपयोग परिवर्तन – भूमि उपयोग विश्लेषण अध्ययन करता है कि कहाँ और किस प्रकार की मानवीय गतिविधियाँ हो रही हैं। अलग-अलग गतिविधियों के लिए भूमि की अलग-अलग आवश्यकताएँ हो सकती हैं और उनके प्रभाव भी अलग-अलग होते हैं। इस प्रकार के विश्लेषण से मानवीय गतिविधियों के परिणामस्वरूप भोपाल महानगर के भूमि उपयोग परिवर्तन को समझा जा सकता है।

आरेख क्रमांक 04 : भूमि उपयोग मानचित्र

(क) 1991 (ख) 2001 (ग) 2011 (घ) 2021



स्त्रोत : लेखक द्वारा स्वत: निर्मित

